राजस्थान सरकार

**निदेशालय कोष एवं लेखा, राजस्थान जयपुर**

''वित्त भवन'' जनपथ, जयपुर–302015

क्रमांकः– एफ.3 (ख) (एस–डीजीएस / 94) / अलेसे– ।। / 198–201 दिनांक :– 19.5.22

## आदेश

श्री संजय कुमार गौतम, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II का स्थानान्तरण प्रभारी आंतरिक जांच दल निरीक्षण विभाग, जयपुर से कला, साहित्य, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग शासन सचिवालय, जयपुर में निदेशालय के आदेश कमांक एफ.2(ग)(1) / अलेसे–I / 1214 दिनांक 18.01.2022 से होने के कारण निरीक्षण विभाग, जयपुर के आदेश कमांक 2585–2602 दिनांक 07.02.2022 द्वारा इन्हें कला, साहित्य, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग शासन सचिवालय, जयपुर में ज्वॉइन करने हेतु मध्यान्ह पश्चात् कार्यमुक्त किया गया था। श्री गौतम दिनांक 08.02.2022 से 09.03.2022 तक अवकाश पर रहने के उपरांत कला, साहित्य, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग शासन सचिवालय, जयपुर में दिनांक 10.03.2022 को कार्यग्रहण हेतु उपस्थित हुये, किंतु प्रशासनिक कारणों के कारण कला, साहित्य, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग शासन सचिवालय, जयपुर के आदेश कमांक प.31(7)क.स. / 2021 दिनांक 10.03.2022 के द्वारा उन्हें निदेशालय में आदेशों की प्रतीक्षा में उपस्थिति देने के लिए निर्देशित किया गया। श्री गौतम ने निदेशालय में दिनांक 11.03.2022 को आदेशों की प्रतीक्षा में उपस्थिति दी। श्री गौतम दिनांक 11.03.2022 से 15.03.2022 (दिनांक 12.03. 2022 एवं 13.03.2022 का राजपत्रित अवकाश) तक निदेशालय में आदेशो की प्रतीक्षा में रहे।

विभागीय आदेश कमांक एफ.2(ख)(1)अलेसे–II / 1317 दिनांक 15.03.2022 के द्वारा श्री गौतम का पदस्थापन बाल विकास परियोजना अधिकारी (समेकित बाल विकास सेवाएं) आमेर (जयपुर) में किया गया। जहॉ श्री गौतम ने दिनांक 15.03.2022 को मध्यान्ह पश्चात कार्य ग्रहण किया। दिनांक 11.03.2022 से 15.03.2022 तक आदेशो की प्रतीक्षा में रहने के कारण उक्त अवधि को राजस्थान सेवा नियम 7 (8) ब (iii) के अन्तर्गत कर्तव्य पर मानते हुए नियमित किया जाकर, श्री गौतम को दिनांक 10.03.2022 से 15.03.2022 (दिनांक 10.03.2022 को कला साहित्य, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग, जयपुर में कार्यग्रहण हेतु उपस्थिति की तिथि को कर्त्तव्य अवधि मानते हुए) तक का वेतन भुगतान बाल विकास परियोजना अधिकारी (समेकित बाल विकास सेवाएं) आमेर (जयपुर) में सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II के रिक्त पद के विरूद्ध आहरित करने की स्वीकृति एतद् द्वारा प्रदान की जाती है।

श्री गौतम ने दिनांक 08.02.2022 से 09.03.2022 की उक्त अवधि का रूपान्तरित अवकाश स्वीकृत करने का निवेदन निदेशालय से किया है। अतः श्री संजय कुमार गौतम, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II द्वारा प्रस्तुत चिकित्सा प्रमाण पत्रों के आधार पर निम्नानुसार रूपान्तरित अवकाश स्वीकृत किया जाता है एवं श्री गौतम का रूपान्तरित अवकाश अवधि का वेतन भी कार्यालय बाल विकास परियोजना अधिकारी (समेकित बाल विकास सेवाएं) आमेर (जयपुर) से आहरित करने की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

| क्र.स. | अवधि (कब से कब तक) | कुल दिवस | डेबिट किये जाने वाले अर्द्धवेतन अवकाशों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | 08.02.2022 से 09.03.2022 | 30 दिवस | 60 |

उक्त अवकाशों का इन्द्राज सम्बन्धित कार्यालयाध्यक्ष द्वारा कार्मिक की सेवापुस्तिका में आवश्यक रूप से कराने के पश्चात् ही भुगतान किया जावे।

(भूपेश माथुर)
**निदेशक एवं पदेन संयुक्त शासन सचिव**

क्रमांकः– एफ.3 (ख) (एस–डीजीएस / 94) / अलेसे– ।। / 198–201 दिनांक :– 19.5.22

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:–

1. बाल विकास परियोजना अधिकारी (समेकित बाल विकास सेवाएं) आमेर (जयपुर) को प्रेषित कर अनुरोध है कि श्री संजय कुमार गौतम, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II के अवकाश का इन्द्राज सेवापुस्तिका में लाल स्याही से कर उक्त अवकाश के वेतन आहरण की आवश्यक कार्यवाही संपादित करावें। मूल सेवापुस्तिका संलग्न है।
2. श्री संजय कुमार गौतम, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II कार्यालय बाल विकास परियोजना अधिकारी (समेकित बाल विकास सेवाएं) आमेर (जयपुर)।
3. उपनिदेशक (एसीपी) कार्यालय हाजा को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने एवं पीआईएस में Updation करने हेतु।
4. निजी पत्रावली / रक्षित पत्रावली।

(धीरज सिसोदिया)
अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक–II)